oliveboard

February 2019

BOLT

Monthly Current Affairs

CLICK HERE TO PREPARE FOR

IBPS, SSC, SBI, RAILWAYS & RBI EXAMS IN ONE PLACE

Bolt is a series of GK Summary ebooks by Oliveboard for quick revision

Table of Contents

बैंकिंग....3
बीमा....6
अर्थव्यवस्था....7
राज्य....9
राष्ट्रीय....11
अंतर्राष्ट्रीय....15
भारत और विश्व....17
नियुक्तियां और इस्तीफे....19
रैंक और रिपोर्ट....22
महत्वपूर्ण तिथियाँ....23
खेल....25
पुरस्कार....26
श्रद्धांजलियां....29
योजनायें....30
खबरों में प्रसिद्ध व्यक्तित्व....31
शिखर सम्मेलन और सम्मेलन....32
रक्षा....36
अनुबंध....37
पुस्तकें और लेखक....39
विज्ञान और प्रौद्योगिकी....40
पर्यावरण....40
ऐप्लिकेशन और पोर्टल....41
अधिग्रहण और विलय....42

बैंकिंग

महत्वपूर्ण समाचार:

1. ***भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 25 आधार अंकों से कमी की***
   भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी द्वि-मासिक मौद्रिक नीति में रेपो दर को 25 आधार अंकों से घटाकर 6.25% कर दिया और मुद्रास्फीति के कम अपेक्षाओं के बीच रेपो दर को घटा कर 6% कर दिया। यह 6वे चालू वित्तवर्ष की द्विमासिक मौद्रिक नीति रिपोर्ट में था|
2. ***भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को ₹ 2 करोड़ या उससे अधिक का बल्क जमा रखने का आदेश दिया***
   भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों की परिचालन स्वतंत्रता को बढ़ाने के उद्देश्य से पहले के बल्क 1 करोड़ रुपये के जमा को दोगुना करते हुए बल्क जमा के तौर पर ₹ 2 करोड़ और अधिक की राशि रखने का निर्देश दिया है। बैंक आम तौर पर केवल 1 करोड़ रुपये के बल्क जमा पर ब्याज की विभिन्न दरें प्रदान करते हैं।
3. ***भारतीय रिजर्व बैंक ने कॉर्पोरेट बॉन्ड में FPI निवेश पर कैप को हटाया***
   भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने एक इकाई के कॉर्पोरेट बांड में FPIs द्वारा निवेश पर और अधिक विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए इसकी **20 प्रतिशत सीमा को** हटाया इसका उद्देश्य FPIs को संपत्ति का पोर्टफोलियो बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करना था।
4. ***भारतीय बैंकिंग संघ ने किसान क्रेडिट कार्ड के लिए सलाहकार दिशानिर्देश जारी किये***
   भारतीय बैंकिंग संघ ने सलाहकार दिशानिर्देश जारी किए, जिसमें बैंकों से प्रोसेसिंग, प्रलेखन, निरीक्षण, लेज़र फोलियो शुल्क और किसान क्रेडिट कार्ड के लिए अन्य सभी सेवा शुल्क 3 लाख रुपये की सीमा तक माफ करने का अनुरोध किया गया|
5. ***भारतीय रिजर्व बैंक ने जमानत-मुक्त कृषि ऋण की सीमा ₹ 1.6 लाख तक बढ़ाई***
   आरबीआई ने अपनी द्वि-मासिक रिपोर्ट में, छोटे और सीमांत किसानों की मदद करने के लिए वर्तमान ₹ 1 लाख से जमानत-मुक्त कृषि ऋणों की सीमा ₹ 1.6 लाख तक बढ़ा दी है। यह इसके अलावा एक आंतरिक कार्य समूह की स्थापना के लिए कृषि ऋण की समीक्षा करना चाहता है, ताकि यह एक व्यावहारिक नीति मंच तक पहुंचें।
6. ***सेरी (srei) इक्यूपमेंट फाइनेंस ने सिंडिकेट बैंक के साथ सह-ऋण देयता अनुबंध किया***
   SREI इक्यूपमेंट फाइनेंस लिमिटेड ने सिंडिकेट बैंक के साथ निर्माण और कृषि उपकरणों को वित्तपोषण प्रदान करने के लिए अनुबंध किया है। इस व्यवस्था के तहत, सिंडिकेट बैंक अपनी कम लागत वाली निधियों और एक पारस्परिक रूप से सहमत दर पर SREI के साथ सह-उधार उपकरण ऋण का लाभ प्रदान करेगा।
7. ***अमेज़न ने भारत में एकीकृत भुगतान प्रणाली (UPI) भुगतान का आरम्भ किया***
   अमेज़ॅन ने एंड्रॉइड स्मार्टफोन का उपयोग करने वाले ग्राहकों के लिए भारत के एकीकृत भुगतान प्रणाली (इंटरफेस) के माध्यम से भुगतान को सक्षम किया है। इसने अपने ग्राहकों को यूपीआई आईडी जारी करने के लिए भारत के **एक्सिस बैंक** से साझेदारी की है|
8. ***भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल भुगतानों के लिए लोकपाल योजना शुरू की***
   भारतीय रिज़र्व बैंक ने डिजिटल भुगतानों के लिए लोकपाल योजना शुरू की है। योजना गैर-बैंकिंग चैनलों के माध्यम से डिजिटल लेनदेन के लिए ग्राहकों द्वारा की गई शिकायतों को नि:शुल्क निपटान तंत्र प्रदान करेगा। यह **21** बैंकिंग लोकपाल कार्यालयों में काम करना शुरू करेगा।

9. *भारतीय रिजर्व बैंक ने पीसीए फ्रेमवर्क से तीन बैंकों को बाहर किया*

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 3 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों **बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ महाराष्ट्र** और **ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स** में शीघ्र सुधारात्मक कार्रवाई के लिए उन्हें फ्रेमवर्क से बाहर किया और उधार और व्यवसायों के विस्तार पर विभिन्न प्रतिबंधों को हटा दिया।

10. *यस बैंक ने डाटा साइंस (आसूचना विज्ञान) में नवाचार के लिए प्रतिष्ठित तत्वाधान ग्राहम बेल पुरस्कार 2018 प्राप्त किया*

गोवा सरकार के तत्वाधान में 9वें ग्राहम बेल पुरस्कार 2018 की घोषणा हुई जिसमें एस बैंक को 'डाटा साइंस(आसूचना विज्ञान में नवाचार' के लिए प्रथम-श्रेणी परियोजना 'yes EEE' (एक्सेल समृधि)'. के लिए 2018 ग्राहम बेल पुरस्कार प्राप्त हुआ।

11. *विश्व बैंक, संयुक्त राष्ट्र, सिडबी ने लांच किया 300 करोड़ रुपये का महिला आजीविका बांड*

विश्व बैंक, संयुक्त राष्ट्र महिला और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक ने ₹ 300 करोड़ की प्रारंभिक आधारभूत निधि के साथ महिलाओं के लिए विशेष रूप से एक नया सामाजिक प्रभाव बांड लॉन्च करने के लिए हाथ मिलाया है, जिसे महिला आजीविका बांड कहा जाता है। वे लगभग ₹ 50000 से ₹ 3 लाख की एक वार्षिक ब्याज दर पर लगभग 13-14% या कम ऋण लेंगे।

12. *बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने जर्मन केएफडब्ल्यू के साथ सौर इकाइयों के पुनर्वित्त के लिए 130 मिलियन डॉलर का गठबंधन किया*

बैंक ऑफ बड़ौदा ने जर्मनी के केएफडब्ल्यू विकास बैंक के साथ 130 मिलियन डॉलर की सौर परियोजना के पुनर्वित्त फंडिंग के लिए समझौता किया है। समझौता 2015 में हस्ताक्षरित एक इंडो-जर्मन सौर ऊर्जा भागीदारी का भाग है।

अन्य समाचार:

1. *भारतीय रिजर्व बैंक ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर 1 करोड़ का जुर्माना लगाया*

भारतीय रिजर्व बैंक ने अन्य वित्तीय ऋणदाताओं के साथ उधारकर्ता के खाते के संचालन के संबंध में जानकारी के आदान-प्रदान में देरी के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया|

2. *एसबीआई ने व्यापारियों, किसानों तक अपनी YONO सेवाओं का विस्तार किया*

एसबीआई व्यापरियों और किसानों तक अपनी YONO सेवाओं का विस्तार करने के लिए तैयार है । यह कई कृषि संबंधी सेवाएं जैसे बीज, जलवायु या मौसम की जानकारी, किसान क्रेडिट कार्ड व्यापारियों के लिए ऋण, उनकी सभी जरूरतों और आवश्यकताओं के लिए एक कार्ड के अंतर्गत प्रस्तावित होगा।

3. *भारतीय रिजर्व बैंक ने भारतीय स्टेट बैंक पर 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया*

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने उधारकर्ताओं में से एक के संबंध में निधियों के अंतिम उपयोग की निगरानी न करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक पर 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया, यह जुर्माना प्रदत्त शक्तियों में बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की **धारा 47a** के अंतर्गत लगाया गया है|

4. *सूर्योदय लघु वित्त बैंक ने स्वीप खाते की सुविधा प्रदान करने के लिए फिनो पेमेंट्स बैंक के साथ भागीदारी की*

फिनो पेमेंट्स बैंक ने सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से स्वीप खाता सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। इस साझेदारी से भुगतान बैंकों को FPL में जमा सीमा के समस्या को निपटने में मदद होगी।

5. ***भारतीय रिजर्व बैंक के मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए कई बैंकों को दंडित किया गया***

भारतीय रिजर्व बैंक ने **एचडीएफसी, आईडीबीआई और कोटक महिंद्रा बैंक** प्रत्येक पर केवाईसी/एएमएल मानदंडों को पूरा न करने पर 2 मिलियन का और **इलाहाबाद बैंक, BoM और IoB** पर निधियों के निगरानी जानकारी का आदान-प्रदान, वर्गीकरण और धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग का अनुपालन न करने के ₹1.5 करोड़ का अधिभार लगाया है। आंध्रा बैंक पर समान गतिविधि के लिए 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

6. ***भारतीय रिजर्व बैंक ने 3 सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रम बैंकों पर 3.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया***

भारतीय रिज़र्व बैंक ने भिन्न बैंक संबंधी नियमों के उल्लंघन के लिए ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स पर ₹1.5 करोड़ का और पंजाब नेशनल बैंक और बैंक ऑफ इंडिया प्रत्येक पर ₹1 करोड़ का जुर्माना लगाया है।

7. ***भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमों के उल्लंघन के लिए सिंडिकेट, एक्सिस बैंक पर जुर्माना लगाया***

भारतीय रिज़र्व बैंक ने धोखाधड़ी और जोखिम प्रबंधन प्रणालियों की दिशा के नियमों का उल्लंघन करने के लिए सिंडिकेट बैंक और एक्सिस बैंक पर क्रमशः ₹20 लाख और 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

8. ***डीबीएस बैंक की भारतीय इकाई का पूर्ण स्वामित्व वाली शाखा के साथ विलय***

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने पूर्ण स्वामित्व वाली स्थानीय सहायक कंपनी, डीबीएस बैंक इंडिया के साथ सिंगापुर स्थित डीबीएस बैंक की भारतीय इकाई के विलय को मंजूरी दे दी। यह विलय 1 मार्च से प्रभावी होगा जो विदेशी ऋणदाता पर कुछ प्रतिबंधों को हटा देगा और इसे एक स्थानीय बैंक के रूप में अनुमति देगा।

9. ***इलाहाबाद बैंक, कार्पोरेशन बैंक, धनलक्ष्मी पीसीए से बाहर***

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 2 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों इलाहाबाद बैंक, कॉर्पोरेशन बैंक और 1 निजी क्षेत्र के धनलक्ष्मी बैंक को त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई के ढांचे से बाहर जाने की छूट देकर उन्हें सामान्य ऋण गतिविधियों और व्यापारों के विस्तार को पुनः आरंभ करने की अनुमति दी ।

10. ***डीसीबी बैंक ने ओपन बैंकिंग नेक्स्ट-जेन बैंकिंग सोल्यूशन की शुरुआत की***

विकास ऋण बैंक ने अपने खुले बैंकिंग मंच की शुरुआत की घोषणा की । 20 से अधिक स्टार्ट अप, फिनटेक, मर्चेंट, एंटरप्राइजेज और डेवलपर्स अपने ओपन बैंकिंग प्लेटफॉर्म एपीआई तक पहुंच के लिए डीसीबी के साथ भागीदारी करेंगे ।

त्वरित पुनरावलोकन

नीति विनिमय दर और आरक्षित अनुपात	प्रतिशत
रेपो रेट	6.25%
रिवर्स रेपो रेट	6%
सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) दर	6.5%
नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर)	4%
सांविधिक तरलता अनुपात (एसएलआर)	19.25%
बैंक दर	6.5%

बीमा

महत्वपूर्ण समाचार:

1. ***भारतीय जीवन बीमा निगम ने लघु बचत योजना शुरू की***

   भारतीय जीवन बीमा निगम ने एक नया माइक्रोइंश्योरेंस प्लान 'लघु बचत' शुरू किया। यह सुरक्षा और बचत का एक संयोजन प्रदान करता है। यह ₹ 2 लाख तक का कवरेज प्रदान करता है। यह योजना 18-55 वर्ष के आयु समूह में केवल मानक स्वस्थ जीवन के लिए उपलब्ध है।

2. ***मोबीक्विक अपने ऐप पर 20 रुपए की तत्काल जीवन बीमा प्रदान करता है***

   मोबीक्विक ने अपने यूजर्स के लिए अपने ऐप पर डिजिटल लाइफ इंश्योरेंस लॉन्च करने की घोषणा की है। *मोबीक्विक* ने अपने लघुबीमा उत्पाद के क्रियान्वयन के लिए **आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल** से भागीदारी की है। यह ₹ 20 के रूप के निम्न मासिक प्रीमियम से ₹ 1 लाख तक का जीवन बीमा प्रदान करता है।

3. ***भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने मानक चिकित्सा दावे पॉलिसी के ड्राफ्ट मानदंडों से बाहर किया***

   आईआरडीएआई के मसौदा दिशानिर्देशों के अनुसार, चिकित्सा दावे उत्पाद में बुनियादी अनिवार्य कवर होगा और कोई अतिरिक्त/ऐड-ऑन कवर की अनुमति नहीं होगी। मानक उत्पाद के तहत बीमाकृत न्यूनतम मूल राशि **₹50000** की सीमा के साथ अधिकतम **₹10 लाख** की सीमा तक अस्पताल में भर्ती होने से पूर्व की लागत (30 दिन से कम नहीं) को कवर किया जाएगा।

4. ***पीवी सिंधु पीएनबी मेटलाइफ ब्रांड एंबेसडर बनी***

   पीएनबी मेटलाइफ ने पी.वी सिंधू को अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया है। वह **दामिनी** परियोजना के अंतर्गत विभिन्न पहलों का समर्थन करेगी। **दामिनी**, एक सामाजिक निगम उत्तरदायित्व की पहल है, जो लड़कियों के नारीत्व की यात्रा के हर कदम पर पड़ने वाली जरूरतों को पूरा कर उन्हें सशक्त बनाने के इरादे से शुरू किया गया है।

5. ***आईडीबीआई बैंक और एलआईसी ने बैंकअश्योरेंस समझौते पर हस्ताक्षर किए***

   आईडीबीआई बैंक और एलआईसी ने एक बैंकअश्योरेंस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत आईडीबीआई अपनी शाखाओं में एलआईसी के बीमा उत्पादों की पेशकश करेगा। सेवा-स्तर के समझौते के भाग के रूप में, बैंक एलआईसी प्रीमियम भुगतान के लिए प्राथमिक बैंक बन जाएगा।

अन्य समाचार:

1. ***एचडीएफसी एर्गो ने अपनी तरह की पहली 'ट्रिप प्रोटेक्टर पॉलिसी' लॉन्च की***

   एचडीएफसी एर्गो ने ट्रिप प्रोटेक्टर इंश्योरेंस पॉलिसी लॉन्च करने की घोषणा की है। यह यात्रियों को होटल/एयरलाइंस द्वारा लगाए गए निरस्तीकरण की लागत से सुरक्षित रखेगा। यह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए प्री-बुक उड़ानों और होटलों के निरस्तीकरण को कवर करता है।

2. ***भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने नियमों का उल्लंघन करने के लिए यूनाइटेड इंडिया बीमा पर 9 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है***

   बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण ने कुछ प्रक्रियाओं का उल्लंघन करने के लिए राज्य के स्वामित्व वाले यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पर 9 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

3. *वित्त वर्ष '20 में पूरा किया जाने वाला है 3 सार्वजानिक उपक्रम क्षेत्रक के जनरल इंश्योरेंस कंपनियों का विलय*

सरकार को तीन साधारण बीमा कंपनियों के विलय को अर्थात् **नेशनल इंश्योरेंस कंपनी, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी और ओरिएंटल इंडिया इंश्योरेंस कंपनी** 2019-20 तक पूरा करने की उम्मीद है। पहली बार इसकी घोषणा बजट 2018-19 में हुई थी।

4. *ट्रेवल इंश्योरेंस वितरित करने के लिए SBI जनरल ने पॉलिसी बाज़ार के साथ समझौता किया*

एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने एसबीआई ट्रैवल इंश्योरेंस को बेचने के लिए पॉलिसी बाज़ार. कॉम के साथ समझौता किया है। यह अवकाश या व्यवसाय के लिए उपभोक्ता द्वारा विदेशी यात्रा के लिए 360 डिग्री अर्थात सम्पूर्ण सुरक्षा कवच प्रदान करता है। इसमें अधिकतम यात्रा अवधि है **180 दिन है।**

6. *इंडियन मनी.कॉम यूनिट ने बीमा बिज़ के लिए लाइसेंस प्राप्त किया*

बेंगलुरू स्थित इंडियनमनी.कॉम समूह की सहायक कंपनी इन्डियन मनीइंश्युरेंस.कॉम को बीमा कारोबार में प्रवेश करने के लिए भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण से लाइसेंस प्राप्त हुआ है।

अर्थव्यवस्था

महत्वपूर्ण समाचार:

1. *वित्त वर्ष 19 के बजट में वित्तीय घाटा अप्रैल-दिसंबर के लिए अनुमानत 112% है*

चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-दिसंबर के लिए राजकोषीय घाटा बजट का 112% रहने का अनुमान है। व्यय तीन तिमाहियों में 75% तक उचित प्रतिपूर्ति पर आ जाता है। पूंजीगत व्यय 70% से अधिक है जबकि राजस्व व्यय बजट अनुमान के 75% से अधिक है।

2. *सरकार ने वित्त वर्ष 20 में 7.5% सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि की उम्मीद की है*

वित्त मंत्रालय को उम्मीद है कि 2019-20 में चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि की अनुमानित गति 7.2% से 7.5% तक हो जाएगी। वित्त वर्ष 2019-20 के लिए 11.5% की साधारण अपेक्षित वृद्धि होगी।

3. *वर्ष 2018 में भारत के पर्यटन क्षेत्र ने 19% वृद्धि दर्ज की*

केंद्रीय मंत्री केजे अल्फोंस ने कहा कि 2018 में भारत के पर्यटन क्षेत्र में USD 234 बिलियन राजस्व दिलवाया, जो 19% से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। विश्व यात्रा और पर्यटन परिषद की २०१८ की रिपोर्ट के अनुसार भारत पर्यटन क्षेत्र में तीसरे स्थान पर है ।

4. *विशेषज्ञ समिति को राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन के रूप में 9,750 रुपये प्रतिमाह का सुझाव*

एक सरकार द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ समिति ने देश में एक कार्यकर्ता के लिए राष्ट्रीय स्तर के न्यूनतम वेतन को 9,750 रुपये प्रतिमाह करने का प्रस्ताव दिया है, जो वर्तमान में 4,576 रुपये है ।

5. *भारत ने पाकिस्तान से माल पर सीमा शुल्क में 200% बढ़ोतरी की*

केंद्र सरकार ने पाकिस्तान से आयातित सभी वस्तुओं पर मूल सीमा शुल्क को तत्काल प्रभाव से 200 प्रतिशत बढ़ाया है| यह भारत ने जब पाकिस्तान से ' सबसे पसंदीदा राष्ट्र ' (mfn) का दर्जा वापस लिया उसके बाद हुआ है।

6. *कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ बोर्ड) ने वित्त वर्ष 19 के लिए ब्याज दर 8.65% करने की सिफारिश की है|*

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने वित्त-19 के लिए ब्याज दर 8.65% करने का सुझाव दिया है। श्रम मंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय न्यासी बोर्ड ईपीएफओ का सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकाय है जो वित्तीय वर्ष के लिए भविष्य निधि (पीएफ) जमा पर ब्याज दर को अंतिम रूप दे रहा है।

7. *शिक्षित नागरिकों के बीच बेरोजगारी 2017-18 में तेजी से बढ़ी: राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ)*

   बेरोजगारी की राष्ट्रीय दर 6.1% है, जबकि औपचारिक प्रशिक्षण प्राप्त सभी आयु वर्ग के युवाओं का प्रतिशत 2011-12 में 2.4% से 2017-18 में बढ़कर 2.5% हो गया है। प्रशिक्षित व्यक्तियों के बीच बेरोजगारी 2011-12 में 5.1% की तुलना में 2017-18 में 12.4% हो गई है।

8. *भारत की Q3 सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6.6% तक गिरी*

   भारत की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 2018-19 की दर से 6.6% हो गई, जो पिछली तिमाहियों में, 7% से पांच तिमाहियों में सबसे कम है। भारत अब भी सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि का पूर्वानुमान चालू वित्त वर्ष के लिए 7.2 से 7% पुनरावलोकित किया गया था।

अन्य समाचार:

1. *चीन को भारतीय निर्यात की सीमा अप्रैल-दिसंबर 2018 में 12.7 $ बिलियन तक पहुंची*

   वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार चीन के लिए भारत का निर्यात अप्रैल-दिसंबर 2018 के दौरान समुद्री उत्पादों, रसायनों, प्लास्टिक, पेट्रोलियम उत्पादों, अंगूर और चावल के लदान में वृद्धि के साथ $12 बिलियन तक पहुंच गया। इस वित्त वर्ष में भारत चीन को सबसे अधिक निर्यात करने की ओर अग्रसर है ।

2. *थोक मुद्रास्फीति 10 महीने के निचले स्तर जनवरी में 2.76% तक पहुंची*

   भारत में थोक मूल्य दिसंबर में 3.80 प्रतिशत की तुलना में जनवरी में 10 महीने के सबसे निचले स्तर 2.76% प्रतिशत रही, ईंधन की कम कीमतों के कारण ऐसा हुआ। जनवरी 2018 में यह 3.02 प्रतिशत बढ़ी।

3. *अप्रैल-दिसंबर 2018-19 के दौरान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 7 प्रतिशत कम हुआ और अमरीकी डॉलर 33.49 बिलियन के स्तर पर रहा*

   वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान भारत में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश 7% कम हुआ और 33.49 अमरीकी डॉलर रहा। अप्रैल-दिसंबर 2017-18 के दौरान विदेशी निधि प्रवाह 35.94 बिलियन अमरीकी डॉलर पर था।

4. *भारत-22 (एक्सचेंज ट्रेडेड फण्ड) ETF के अतिरिक्त प्रस्ताव से सरकार को ₹10,000 करोड़ की अतिरिक्त प्राप्ति हुई है*

   सरकार ने भारत-22 एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ETF) की अतिरिक्त पेशकश के द्वारा ₹10000 करोड़ जुटाए हैं। यह सरकार को चालू वित्त वर्ष के लिए ₹ 80000 करोड़ के विनिवेश लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में मदद करेगी।

5. *केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्य समूहों को स्थापित कर रहा है*

   केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने व्यापार को सुविधाजनक बनाने, निर्यात को बढ़ावा देने और अनुपालन में सुधार के उपायों की सिफारिश करने के लिए तीन कार्य समूहों का गठन किया। केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड आय बढ़ाने और धोखाधड़ी रोकने के लिए उन्नत डेटा विश्लेषण टूल का उपयोग करेगी।

त्वरित पुनरावलोकन

संगठन /मापदंड	दर
राजकोषीय घाटा	112% वित्त वर्ष 19 (अप्रैल - दिसम्बर)
सरकार की सकल घरेलू उत्पाद दर	7.5% (वित्त वर्ष 20)
कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (पीएफ भविष्य निधि दर)	8.65%
बेरोजगारी दर-एनएसएसओ	6.1%
सीमा शुल्क (पाकिस्तान माल)	200%
थोक मुद्रास्फीति	2.76% (जनवरी)

राज्य

महत्वपूर्ण समाचार:

1. ***विश्व बैंक ने शिमला जल आपूर्ति के लिए ऋण सीमा $40 मिलियन तक बढ़ाई***
   हिमाचल प्रदेश केंद्रीय सरकार और विश्व बैंक ने ग्रेटर शिमला क्षेत्र को स्वच्छ और सहज पीने का पानी उपलब्ध कराने में मदद करने के लिए $40 मिलियन के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, ग्रेटर शिमला हिमाचल का वह भाग है जो पिछले कुछ वर्षों से गंभीर रूप से पानी की कमी और जल-जनित महामारी का सामना कर रहा है।
2. ***उत्तर प्रदेश सरकार यमुना नदी में जल परिवहन शुरू करने जा रही है***
   सरकार उत्तर प्रदेश में यमुना नदी में जल परिवहन शुरू करेगी। बागपत जिला में एक बंदरगाह स्थापित किया जाएगा। सरकार यमुना जल परिवहन के जरिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बांग्लादेश को चीनी का निर्यात करने की योजना बना रही है जो प्रयागराज से जुड़ जाएगी।
3. ***केरल पुलिस ने सेना में देश का पहला ह्यूमनॉइड रोबोट नियुक्त किया***
   केरल पुलिस ने 'ह्यूनॉइड रोबोट' जिसका नाम **केपी-बोट** है। यह चौबीसों घंटे सेवा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें सार्वजनिक इंटरफेस और फ्रंट ऑफिस प्रशासन शामिल है और मानवीय सीमाओं को दूर करने के लिए, संभव हद तक, मानव त्रुटि से उबरने के लिए बनाया गया है ।
4. ***हिमाचल विधानसभा ने संस्कृत को अपने राज्य की दूसरी राजभाषा बनाने के लिए विधेयक पारित किया***
   हिमाचल प्रदेश विधानसभा ने हिमाचल के सरकारी भाषा विधेयक, 2019 (संशोधन) पारित किया। इसे **संस्कृत** को राज्य की दूसरी आधिकारिक भाषा बनाने के लिए पेश किया गया।
5. ***केरल ट्रांस फैटी एसिड कार्य योजना के साथ आने वाला पहला राज्य***
   केरल राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने व्यावसायिक रूप से उपलब्ध खाद्य पदार्थों में ट्रांस फैटी एसिड के हानिकारक प्रभावों पर जन जागरूकता फ़ैलाने के लिए एक कार्य योजना बनाई है और स्थानीय खाद्य उद्योग को टीएफए के लिए निर्धारित वैधानिक सीमाओं को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया है।
6. ***पंजाब सरकार ने 'स्मार्ट विलेज कैंपेन' के लिए लगभग 385 करोड़ रुपये की मंजूरी दी***
   पंजाब सरकार ने गांव की बुनियादी सुविधाओं के निर्माण और आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए चल रहे कार्यों के पूरक तौर पर एक ग्रामीण विकास योजना 'स्मार्ट विलेज कैंपेन' के लिए ₹384.40 करोड़ की मंजूरी दी।

7. *सिक्किम सरकार ने शिक्षा क्षेत्र के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया*

सिक्किम ने शैक्षिक परिदृश्य को बदलने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। माइक्रोसॉफ्ट राज्य बोर्ड के पाठ्यक्रम में IT सामग्री को एकीकृत करने और शिक्षक नेटवर्क और अभिनव शिक्षक कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों की क्षमता का निर्माण करने की स्थिति में सहयोग करेगा।

8. *तिरुअनंतपुरम में महिलाओं की एक धार्मिक मण्डली, अत्कल पोंगल की मेजबानी*

तिरुअनंतपुरम में अत्कल पोंगल त्योहार की मेजबानी हुई यह दुनिया में महिलाओं की सबसे बड़ी धार्मिक सभा में से एक मानी जाती है । अत्कल मंदिर को 'महिला सबरीमाला' भी कहा जाता है क्योंकि केवल महिलाएं ही यह अनुष्ठान करती हैं ।

9. *अमरावती में भारत का पहला जिला शीतलन प्रणाली*

संयुक्त अरब अमीरात स्थित अंतरराष्ट्रीय शीतलन प्रदाता ने आंध्र प्रदेश सरकार के साथ अमरावती में भारत का पहला जिला शीतलन प्रणाली बनाने, उसे स्वयं संचालित करने के लिए 30 साल की रियायत के साथ यह सेवा शुरू की है।

10. *जैसलमेर में अंतर्राष्ट्रीय वार्षिक मरुस्थलीय महोत्सव आयोजित किया गया*

रेत के टीला पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वार्षिक मरुस्थलीय महोत्सव। तीन दिवसीय महोत्सव में रेगिस्तान राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया गया।

11. *अरुणाचल प्रदेश में बूरी बूट योलो महोत्सव मनाया गया*

अरुणाचल प्रदेश की एनयीशी जनजाति ने एक पखवाड़े की अवधि का बूरी बूट येल्लो महोत्सव मनाया । बूरी बूट येल्लो महोत्सव हर साल फरवरी के महीने में फसल और वसंत के **स्वागत के** उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

12. *असम के मुख्यमंत्री ने सरकारी कर्मचारियों के माता-पिता की रक्षा के लिए प्रणाम आयोग की शुरूआत की*

असम के मुख्मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने राज्य सरकार के कर्मचारियों के अभिभावकों की सुरक्षा के लिए लाए गए विधेयक से संबंधित मुद्दों पर ध्यान देने के लिए **प्रणाम आयोग** शुरू किया। यदि एक राज्य सरकारी कर्मचारी के माता-पिता की अनदेखी की जा रही है, तो फिर कर्मचारी के वेतन का 10 या 15% के वेतन काटा जाएगा और माता-पिता या दिव्यांग भाई-बहन को भुगतान किया।

अन्य समाचार:

1. *अरुणाचल प्रदेश के लिए समर्पित 24x7 उपग्रह चैनल आरम्भ*

प्रधान मंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश के लिए एक समर्पित 24x7 उपग्रह चैनल डीडी अरुनप्रभा का शुभारंभ किया जो राज्य की संस्कृति के राजदूत के रूप में कार्य करेगा और राज्य के सौंदर्य और संस्कृति से भारत के लोगों को परिचित कराएगा|

2. *केरल दवा मूल्य निगरानी और अनुसंधान इकाई स्थापित करने वाल पहला राज्य बना*

केरल सरकार ने एक मूल्य निगरानी और अनुसंधान इकाई (pmru) जो दवाओं की कीमत और नियंत्रण के अंतर्गत आवश्यक दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की कीमतों के उल्लंघन को ट्रैक करेगा और उन्हें विनियमित करेगा।

3. *सिंधु नदी डॉल्फिन को पंजाब राज्य का जलीय प्राणी घोषित किया गया*

राज्य के वन्य जीव बोर्ड ने मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की अध्यक्षता सिंधु नदी के डॉल्फिन को पंजाब राज्य जलीय प्राणी के रूप में घोषित करने का निर्णय लिया। यह नदी में पाई जाने वाली दूसरी सबसे लुप्तप्राय डॉल्फिन प्रजाति है।

4. *दिल्ली सरकार ने शून्य विपत्ति गलियारा(जीरो फैटालिटी कॉरिडोर) आरम्भ किया*

दिल्ली सरकार ने शून्य विपत्ति गलियारा आरम्भ किया है, इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के कारण चोटों और मौतों की संख्या को कम करना है। इस योजना से सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मौतों को कम करते हुए 2020 तक 30% तक कम करना है।

5. *IIFL (आई आई एँफ़ एल) होम फाइनेंस से महाराष्ट्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं|*

आईआईएफएल होम फाइनेंस ने प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी योजना के माध्यम से किफायती आवास के निर्माण क्षमता के लिए महाराष्ट्र सरकार के साथ समझौता किया। इस अनुबंध के माध्यम से, IIFL ग्राहकों को प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी देगा और उन्हें इसके लाभों से अवगत कराएगा।

6. *मेघालय सरकार ने डीकिबंदी स्टेडियम का नाम बदलकर PA संगमा के नाम पर इसका नाम रखने का फैसला किया है|*

मेघालय मंत्रिमंडल ने तुरा शहर में स्थित डिकबंदी स्टेडियम का नाम लोक सभा के पूर्व अध्यक्ष प्रनो ए संगमा के नाम पर बदलने का फैसला किया है। ये मेघालय के पूर्व मुख्यमंत्री भी रहे हैं।

7. *विजाग में ₹145 करोड़ के मिलेनियम टॉवर का उद्घाटन*

आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने रुशिकोंडा, विशाखापट्टनम में 10-फ्लोर मिलेनियम टॉवर-1 का उद्घाटन किया ताकि शहर को आईटी और आईटीईएस में निवेश के लिए एक गंतव्य के रूप में बढ़त मिल सके। यह चार एकड़ के क्षेत्र में 145 करोड़ रुपये के निवेश से बनाया गया है।

8. *ओडिशा ने दूरदराज के क्षेत्रों के लिए नाव एम्बुलेंस सेवा शुरू की*

ओडिशा सरकार ने 5.40 करोड़ रुपये की लागत से दूरदराज के क्षेत्रों के अस्पतालों तक मरीजों को पहुंचाने के लिए एक नाव एम्बुलेंस सेवा शुरू की । छह नाव एंबुलेंस '108' एम्बुलेंस सेवा का हिस्सा होंगी।

राष्ट्रीय

महत्वपूर्ण समाचार:

1. *सरकार ने लघु और सीमांत किसानों को 6000 रुपये प्रति वर्ष नकद सहायता देने की घोषणा की है*

प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत, सरकार ने व्यथित कृषि क्षेत्र को राहत प्रदान करने के लिए छोटे और सीमांत किसानों को 6000 प्रति वर्ष नकद सहायता देने की घोषणा की है। सरकार ने अगले वित्त वर्ष के लिए 75,000 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की है। ₹6000, 3 समान किश्तों में हस्तांतरित किये जायेंगे।

2. *सरकार ने EV चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए*

सरकार ने चार्जिंग स्टेशनों को स्थापित करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं । देश भर में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए हर 25 किमी. पर इन्हें स्थापित किया जाएगा। सरकार के आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय अनुसार उन्हें उम्मीद है कि 2030 तक सड़कों पर कुल वाहनों का 25% इलेक्ट्रिक वाहन होंगे।

3. *मंत्रिपरिषद ने प्रधान मंत्री ग्रामीण आवास योजना को 2022 तक जारी रखने की मंजूरी दी -*

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधान मंत्री ग्रामीण आवास योजना के कार्यान्वयन(द्वितीय चरण) को 2022 तक करने की मंजूरी दी है। योजना का परियोजना व्यय ₹76500 करोड़ है।

4. *मंत्रिपरिषद ने किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान को मंजूरी दी*

कैबिनेट ने किसानों को वित्तीय और जल सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान को मंजूरी दे दी है। इस योजना का उद्देश्य 2022 तक 25, 750 मेगावाट की सौर क्षमता को जोड़ना है। कुल केंद्रीय वित्तीय सहायता ₹34422 करोड़ होगी।

5. *महिला सुरक्षा के लिए इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम*

गृह मंत्री राजनाथ सिंह नई दिल्ली से महिला सुरक्षा के लिए 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (erss) का शुभारंभ करेंगे। यह एक अखिल भारत व्यवस्थित कॉल पहुंच प्रदान करेगा, इसके अंतर्गत सभी 16 राज्यों और संघ शासित प्रदेशों में व्यक्तिगत आवश्यकता के लिए कोई भी 112 पर कॉल कर सकता है।

6. *मंत्रिपरिषद ने सौर पंप योजना कुसुम को मंजूरी दी*

कैबिनेट ने सौर पंप योजना कुसुम (किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान) को मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य वर्ष 2022 तक छतों पर सौर परियोजनाओं से 40,000 मेगावाट की संचयी क्षमता प्राप्त करना है। केंद्र ₹11814 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।

7. *वाणिज्य मंत्री ने 'स्वायत्त' की शुरूआत की*

सुरेश प्रभु ने नई दिल्ली में "स्वायत्त" का शुभारंभ किया। यह सरकारी ई-मार्केटप्लेस पर महिलाओं और युवाओं को ध्यान में रखते हुए ई- ट्रांजिकशन(लेन-देन) का लाभ और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एक पहल है। यह भारतीय उद्यमी व्यापार तंत्र के अंतर्गत प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाएगा।

8. *राजनाथ सिंह ने साइबर अपराध से लड़ने की सुविधा का उद्घाटन किया*

राजनाथ सिंह ने एक राष्ट्रीय साइबर फोरेंसिक लैब और दिल्ली पुलिस की साइबर-अपराध इकाई का उद्घाटन किया। **'CyPAD'**. यह सुविधा साइबर अपराधों और वित्तीय धोखाधड़ी को सुलझाने में मदद करेगी। गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) में सात कार्यक्षेत्र होते हैं ।

9. *बेहतर डिजिटल शिक्षा प्रदान करने के लिए ऑपरेशन डिजिटल बोर्ड (odb) शुरू*

बेहतर डिजिटल शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार ने ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड की तर्ज पर ऑपरेशन डिजिटल बोर्ड शुरू किया है। कार्यक्रम के तहत 9वीं, 10वीं, 11वीं के 7 लाख कक्षाओं और 2 लाख महाविद्यालयी विश्वविद्यालयों की कक्षाओं को अगले 3 वर्षों में डिजिटल बोर्डों से सुसज्जित किया जाएगा।

10. *भारत ने पाकिस्तान में नदी के पानी के हिस्से को रोकने का फैसला किया*

सरकार ने पाकिस्तान में बहने वाले नदी के पानी को रोकने का फैसला किया है। भारत पूर्वी नदियों अर्थात् ब्यास, रावी और सतलुज से पानी को डायवर्ट करेगा और जम्मू-कश्मीर और पंजाब में लोगों को इसकी आपूर्ति करेगा।

11. *आवास और शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय ने शहरी समृधि उत्सव आरम्भ किया*

आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने एक पहल शहरी समृधि शुरू करने की घोषणा की है। इसका उद्देश्य दीनदयाल अंत्योदय मिशन के पहुँच को विस्तारित करने का है - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की पहल स्वयं सहायता समूह के सदस्य तक सहायता की सुविधा पहुंचाने के लिए है।

12. *स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण खुले में शौच से मुक्ति स्थिरता के लिए राष्ट्रीय अभियान की शुरूआत*

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण ने ' दरवाजा बंद -पार्ट 2 ' अभियान शुरू किया जो देश भर के गांवों की खुले में शौच मुक्त स्थिति को बनाए रखने पर केंद्रित है। इस अभियान को पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय द्वारा निर्मित तथा विश्व बैंक द्वारा समर्थित किया गया है|

13. ***सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के कारण भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एलपीजी उपभोक्ता बना।***

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एलपीजी उपभोक्ता बन गया है, जिसमें मांग 2025 तक 35% बढ़ जाने का अनुमान है। तेल मंत्रालय के अनुमानों और पूर्वानुमान के अनुसार, एलपीजी की खपत वर्ष 2025 तक 30.3 मिलियन टन तक बढ़ने की उम्मीद है।

14. ***भारत ने 700 बांधों के लिए विश्व बैंक 11 हजार करोड़ का ऋण***

विश्व बैंक ने भारत सरकार के करीब 700 बांधों के पुनर्निर्माण और जीर्णोधार के लिए 11000 करोड़ रुपये के अनुदान का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बांध सुरक्षा सम्मेलन **भुवनेश्वर, ओडिशा** संपन्न हुआ।

15. ***18 रेलों को पीएम मोदी ने झंडी दिखाई, सरकार की योजना है कि ऐसी 130 रेलें हों।***

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन **वन्दे भरत एक्सप्रेस** को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रेल में रेल मंत्री पीयूष गोयल तथा पत्रकारों ने **नई दिल्ली से वाराणसी** तक यात्रा की।

16. ***नरेंद्र मोदी ने की गोरखपुर से पीएम-किसान की शुरूआत***

प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी ने गोरखपुर, उत्तर प्रदेश से प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि (प्रधानमंत्री-किसान) का शुभारंभ किया । 2,000 रुपये की पहली किस्त सीधे 1 करोड़ लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में जमा की गई।

17. ***राष्ट्रीय युद्ध स्मारक***

पीएम नरेंद्र मोदी ने 25 फरवरी को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, नई दिल्ली में राष्ट्र को समर्पित किया। युद्ध में 25,942 हताहतों के नाम 16 दीवारों पर ग्रेनाईट की पट्टियों पर उत्कीर्ण किए गए जिसमें शहीद युद्ध नायकों के नाम, रेजीमेंट और रैंक दर्शाई गई है।

18. ***पीयूष गोयल ने लांच किया रेल दृष्टी डैशबोर्ड***

रेलवे और कोयला मंत्री, पीयूष गोयल ने रेल दृष्टी डैशबोर्ड का शुभारंभ किया । यह 15 उपयोगकर्ताओं के अनुकूल श्रेणियों के तहत एक एकल मंच पर विभिन्न स्रोतों से जानकारी लाता है। डैशबोर्ड का URL "**raildrishti.cris.org.in**" है।

19. ***प्रकाश जावडेकर ने शुरू किया श्रेयस***

प्रकाश जावडेकर ने हाल ही में NAPS, नई दिल्ली के माध्यम से 2019 अप्रैल में उत्तीर्ण होने वाले सामान्य स्नातकों को उद्योग कौशल अवसर प्रदान करने के लिए शिक्षा और कौशल (shreyas) में उच्च शिक्षा युवाओं के लिए योजना शुरू की।

अन्य समाचार:

1. ***केंद्र ने गुजरात के गीर में एशियाई शेरों के संरक्षण के लिए 59 करोड़ रुपये आवंटित किये***

पर्यावरण मंत्रालय ने गुजरात राज्य के सहयोग से 3 साल की एशियाटिक लायन संरक्षण परियोजना का शुभारंभ किया। यह शेर निवास स्थान, रोग नियंत्रण और उनके लिए पशु चिकित्सा देखभाल के बेहतर प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करेगा।

2. ***एनएफडीसी को एमएसएमई मंत्रालय द्वारा मिनिरत्न श्रेणी के तहत सम्मानित किया गया***

MSME मंत्रालय द्वारा प्रयास के भाग के रूप में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए उनके अनुकरणीय कार्य को पहचानने के लिए सीपीईएस का चयन करने के लिए, भारतीय राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम को मिनिरत्न श्रेणी के तहत विजेता के रूप में चुना गया।

3. *कपड़ा मंत्रालय ने मुंबई में इंडिया साइज प्रोजेक्ट का आयोजन किया*

कपड़ा मंत्री स्मृति ईरानी ने **इण्डिया साइज** प्रोजेक्ट का आरम्भ किया। इसका उद्देश्य अमरीका और ब्रिटेन जैसे देशों में उपलब्ध मानकीकृत आकारों की तर्ज पर रेडी-टू-वियर वस्त्र उद्योग के लिए एक मानक भारतीय आकार में पहुंचना है।

4. *कृषि बाजार अवसंरचना निधि के सृजन के लिए मंत्रिमंडलीय समिति की मंजूरी*

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने ग्रामीण कृषि बाजारों के विकास और उन्नयन के लिए कृषि बाजार अवसंरचना निर्माण के लिए **नाबार्ड** ने 2000 करोड़ रूपये की निधि राशि को मंजूरी दे दी है।

5. *वस्त्र मंत्रालय ने नई दिल्ली में मेगा सिल्क इवेंट आयोजित किया*

केन्द्रीय मंत्रालय ने मुख्य अतिथि के रूप में सुषमा स्वराज के साथ एक समारोह का आयोजन किया। इसका केन्द्रित लक्ष्य जनजातीय क्षेत्रों से महिलाओं को रेशम रिलर करने के लिए बुनियाद तासर सिल्क रीलिंग मशीनों के वितरण पर ध्यान दिया जाना है।

6. *भारतीय निर्वाचन आयोग ने मतदाता सत्यापन और सूचना कार्यक्रम शुरू किया*

निर्वाचन आयोग ने आगामी आम चुनाव के लिए मतदाता पहचान पत्र में मतदाताओं के नाम, नए पंजीकरण परिवर्तन या सुधार की जांच के लिए मतदाता सत्यापन और सूचना कार्यक्रम (वीवीआईपी) शुरू किया है । **एक ' पीडब्ल्यूडी ' ऐप** भी शुरू किया गया।

7. *सरकार ने डीआईपीपी का नाम बदलकर डिपार्टमेंट फॉर प्रोमोशन ऑफ़ इंडस्ट्री एंड इन्टरनल ट्रेड किया*

औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) का नाम स्टार्ट-अप से संबंधित मामलों से निपटने के डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ़ इंडस्ट्री एंड इन्टरनल ट्रेड किया गया, यह अन्य को व्यापार सुगमता प्रदान कर रहा है।

8. *प्रधान मंत्री ने हरियाणा में 'स्वच्छ शक्ति' कार्यक्रम 2018' को संबोधित किया*

स्वच्छ शक्ति 2019 (कुरुक्षेत्र, हरियाणा) स्वच्छ भारत मिशन में ग्रामीण महिलाओं द्वारा निभाई गई नेतृत्व भूमिका को मान्यता देने के लिए एक कार्यक्रम था, जिसमें देश भर से ' स्वच्छता ' अभियान से जुड़े महिला सरपंचों और महिलाओं ने भाग लिया ।

9. *केंद्र ने चीनी का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा कर 2 रुपये/ किलोग्राम किया*

केंद्र ने चीनी के न्यूनतम बिक्री मूल्य को दो रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़ाकर 31 रूपए एक किलोग्राम कर दिया है । यह गन्ना उत्पादकों के बढ़ते बकाया को देखते हुए किया गया है।

10. *राजनाथ सिंह ने वंडर पार्क का उद्घाटन किया*

केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में एक नए पार्क का उद्घाटन किया जो दुनिया के सात आश्चर्यों की प्रतीकों का संग्राहक स्थल है । पार्क, जिसे ' वेस्ट टू वंडर पार्क ' कहा जाता है, दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) द्वारा बनाया गया था।

11. *भारत का पहला फुलडॉम 3d डिजिटल थिएटर उद्घाटित हुआ*

भारत का पहला फुलडॉम 3d डिजिटल थिएटर' का उद्घाटन केंद्रीय संस्कृति मंत्री महेश शर्मा ने **कोलकाता** में किया। यह भारत का पहला 23 मीटर डॉम युक्त टाइटल वाला डिजिटल थियेटर है जो आगंतुकों को भव्य अनुभव प्रदान करता है।

12. ***सरकार ने जनरेटर कंपनियों को डिस्कॉम द्वारा प्रीपेड भुगतान विकल्प पर शोध करने के लिए समिति गठित की***

सरकार ने राज्य बिजली वितरण कंपनियों द्वारा राज्य बिजली संयंत्रों को प्रीपेड भुगतान विकल्प पर शोध करने के लिए केन्द्रीय विद्युत् प्राधिकरण के अंतर्गत एक समिति का गठन किया है। यह समिति कंपनियों के कार्यशील पूंजी चक्रों का अध्ययन करेगी और इस क्षेत्र की रिक्तता और तनाव की कमियों की पहचान करेगी।

13. ***पीयूष गोयल की घोषणा "साउथ कोस्ट रेलवे (SCoR)"***

पीयूष गोयल ने 18 वें जोन के नाम दक्षिण तट रेलवे की घोषणा की जिसका मुख्यालय **विशाखापट्टनम** है। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 की अनुसूची 13 के मद 8 के अनुसार, भारतीय रेलवे को एक नया रेलवे जोन स्थापित करने की आवश्यकता थी ।

14. ***केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने वायरल हेपेटाइटिस को खत्म करने के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत की***

केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में मान्यता प्राप्त वायरल हेपेटाइटिस को समाप्त करने के उद्देश्य से एक राष्ट्रीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इस कार्यक्रम का उद्देश्य **2030** तक हेपेटाइटिस का मुकाबला करना और हेपेटाइटिस सी का देशव्यापी उन्मूलन करना है।

15. ***सॉफ्टवेयर उत्पादों पर राष्ट्रीय नीति- 2019***

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सॉफ्टवेयर उत्पादों पर राष्ट्रीय नीति-2019 में भारत को एक सॉफ्टवेयर उत्पाद राष्ट्र के रूप में विकसित करने को मंजूरी दे दी है । 7 वर्षों की अवधि में इस नीति के तहत योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए 1500 करोड़ रुपये का परिव्यय शामिल है ।

अंतर्राष्ट्रीय

महत्वपूर्ण समाचार:

1. ***हिंदी अबू धाबी (मजदूर न्यायलय) लेबर कोर्ट की तीसरी आधिकारिक भाषा बनी***

अबू धाबी न्यायिक विभाग ने अरबी और अंग्रेजी के बाद अपनी तीसरी आधिकारिक भाषा के रूप में हिंदी को मान्यता दी। मजदूर अब विलंबित मजदूरी, सेवा समाप्ति और बोनस, मुआवाज़े तथा मनमानी छंटनी, नोटिस अवधि और वार्षिक छुट्टियों के लिए हिंदी में शिकायतें दर्ज करा सकते हैं|

2. ***राष्ट्रपति ट्रम्प ने डेविड मैप्लस को विश्व बैंक का नेतृत्व करने के लिए नामित किया***

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने वर्तमान में अमेरिकी सरकार के ट्रेजरी विभाग में अंतर्राष्ट्रीय मामलों के अंडरसेक्रेटरी के रूप में काम करने वाले अर्थशास्त्री डेविड मैपल्स को विश्व बैंक का नया अध्यक्ष नामित किया

3. ***चीन में दुनिया की पहली महिला AI(आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस) न्यूज़ एंकर का अनावरण***

चीन की सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने एजेंसी की पहली AI समाचार प्रस्तुतकर्ता का अनावरण किया, इसका नाम **जिन जियामेंग (Xin xiaomeng)** रखा गया है। इसका निर्माण चीनी सर्च इंजन कंपनी सोगुआ के सहयोग से किया गया है|

4. ***जेपी मॉर्गन चेस पहला क्रिप्टोकरेंसी संपन्न अमेरिकी बैंक बना***

   जेपी मॉर्गन पहला अमेरिकी बैंक बन गया है जिसने भुगतान तथा डिजिटल परिक्षण के लिए JPM नामक सिक्का निर्मित किया है। यह बैंक के थोक भुगतान व्यवसाय के लिए है जो दैनिक तौर से वैश्विक $6 ट्रिलियन तक का कारोबार है।

5. ***प्रधानमंत्री मोदी ने सियोल में भारत कोरिया स्टार्ट-अप हब की शुरुआत की***

   प्रधानमंत्री मोदी ने सियोल में भारत कोरिया स्टार्ट-अप हब का शुभारंभ किया। यह भारतीय और कोरियाई स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी प्रणालियों को करीब लाने और 2 अर्थव्यवस्थाओं को संयुक्त नवाचार की सुविधा देने के लिए एक वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म है । इसकी घोषणा कोटरा और इन्वेस्ट इण्डिया सयुंक्त वक्तव्य में की गई।

6. ***एशियाई विकास बैंक ने अपतटीय पेसो सम्बद्ध बॉन्ड के माध्यम से $100 मिलियन की धनराशि बटोरी|***

   एशियाई विकास बैंक ने फिलिपिन्स पेसो सम्बद्ध बॉन्ड लागू कर $100 मिलियन (5.22 बिलियन पेसो) की उगाही की है, पहली बार अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमरीकी डॉलर में 5.25% निश्चित ब्याज दर पर इसे निर्धारित किया गया है।

7. ***फेसबुक ने लड़कियों के लिए डिजिटल स्किलिंग पहल शुरू की***

   फेसबुक ने नाम से भारत के पांच राज्यों में आदिवासी लड़कियों को अपने समुदायों के लिए गांव-स्तरीय डिजिटल युवा नेता बनने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से Goal **(Going online as leaders)** की शुरुआत की है।

अन्य समाचार:

1. ***विश्व स्वास्थ्य संगठन ने संगीत उपकरणों के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानक तय किये***

   विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ ने सुरक्षित श्रवण प्रथाओं को प्रोत्साहित करने और युवा लोगों को लंबे समय तक और अत्यधिक उपयोग के कारण बधिर होने से रोकने के उद्देश्य से संगीत उपकरणों के लिए मानक तय किए हैं ।

2. ***ईरान ने पहले अर्द्ध-भारी मिसाइल से लैस पनडुब्बी का अनावरण किया***

   ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने पहली ईरानी अर्द्ध-भारी पनडुब्बी का अनावरण किया। इस फ़तेह नामक मिसाइल की जमीन से जमीन पर मारक क्षमता 2,000 किलोमीटर है, जो इजराइल और अमरीकी सैन्य क्षेत्रों तक की सीमा को तय करता है।

3. ***ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध यूको बैंक के लिए पुनर्जीवन***

   2012 में ईरानी तेल के लिए भारत के भुगतान बैंक के रूप में नामित यूको बैंक ने ईरान पर अमेरिका के प्रतिबंधों की वजह से वार्षिक आय में($110 मिलियन) से अधिक की वृद्धि दर्शाई इसका प्रमुख कारण अमरीकी प्रतिबंध रहा|

4. ***इजराइल ने अपना पहला चंद्रमा मिशन शुरू किया***

   इजरायल ने (Space X) स्पेस X के माध्यम से अपना पहला चन्द्रमा मिशन शुरू किया। केप केनवरल फ्लोरिडा फाल्कन से 9 रॉकेट छोड़े गये। रॉकेट तीन अलग-अलग अंतरिक्ष यान ले जा रहे हैं, विशेष महत्व की बात यह है कि इसमें प्रयोग लैंडर इजरायल द्वारा निजी तौर पर वित्त पोषित है।

5. ***विश्व स्वास्थ्य संगठन: खसरा मामलों में दोगुना बढ़ोतरी***

   विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, 2018 में खसरा वायरस से संक्रमित लोगों की कुल संख्या इस दशक में सबसे अधिक थी। 2017 में हुई कुल रिपोर्टों का तीन गुना, 2016 में कुल प्रभावित लोगों के रिपोर्ट का 15 गुना था।

6. ***मैसेडोनिया नाटो सैन्य गठबंधन के शामिल होने वाला नया सदस्य***

मैसेडोनिया ने अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन उत्तर अटलांटिक संधि संगठन के 30वें सदस्य बनने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। मैसेडोनिया के विदेश मंत्री निकोला दिमित्रोव ने औपचारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन में शामिल होने के समझौते पर हस्ताक्षर किए।

7. ***भारत का महीने भर चलने वाला महोत्सव काठमांडू में शुरू***

दोनों देशों के बीच समानता के बारे में देश की नई पीढ़ी को परिचित कराने के लिए काठमांडू में एक महीने तक 'फेस्टिवल ऑफ इंडिया' चला। यह कार्यक्रम भारतीय दूतावास और स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र द्वारा आयोजित किया गया |

8. ***मोहम्मद बुहारी ने नाइजीरिया के राष्ट्रपति के रूप में दूसरा कार्यकाल जीता***

मुहम्माडू बुहारी ने अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश के राष्ट्रपति के रूप में दूसरा कार्यकाल प्राप्त किया, जहां मतदाताओं ने फावो में भ्रष्टाचारी उम्मीदवार को अस्वीकार कर दिया और एक ऐसे नेता का साथ दिया जिसने भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए एक अभियान जारी रखने का वादा किया था।

भारत और विश्व

महत्वपूर्ण समाचार:

1. ***कोयला मंत्रालय और पोलिश ऊर्जा मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर***

इस अनुबंध का उद्देश्य कोयला खनन और स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में स्थापित संयुक्त कोयला कार्य समूह के साथ-साथ अनुसंधान संस्थानों और 2 देशों के बीच शिक्षा संबंधित क्षेत्रों को के दाएरे के संबंधों को बढ़ावा देना है|

2. ***भारत और जर्मनी जल और अपशिष्ट प्रबंधन पर सहयोग से कार्य करेंगे***

भारत और जर्मनी ने कपड़ा क्षेत्र, जल प्रशासन, समुद्री कूड़े, अपशिष्ट ऊर्जा लैंडफिल साइटों, जल गुणवत्ता प्रबंधन, प्रशिक्षण और स्थानीय निकायों और पुनः चक्रण अर्थव्यवस्था के क्षमता निर्माण के लिए दस्तावेजों के विकास पर काम करने का फैसला किया।

3. ***बाहरी अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोगों के लिए भारत और फिनलैंड के बीच समझौता***

पृथ्वी के दूरदराज संवेदन के क्षेत्र में नए अनुसंधान गतिविधियों और संभावनाओं का पता लगाने; उपग्रह संचार; उपग्रह नेविगेशन; अंतरिक्ष विज्ञान और बाह्य अंतरिक्ष के अन्वेषण के लिए निवेश जुटाने और उसके अन्वेषण को प्रोत्साहित करने के लिए भारत और फिनलैंड के बीच समझौता किया गया।

4. ***आधारभूत संरचना और पर्यटन के क्षेत्र में निवेश हेतू भारत और सऊदी अरब के बीच समझौता***

निर्माण नौकरियों सहायक क्षेत्रों की वृद्धि और बुनियादी ढांचा क्षेत्र में संभावित निवेश को आकर्षित करने के लिए भारत और सऊदी अरब के बीच अनुबंध हुआ। यह समझौता पर्यटन परियोजनाओं में आपसी निवेश को प्रोत्साहित करने, पर्यटन के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से हुआ।

5. ***भारत, स्वीडन ने वर्गीकृत सूचना साझा करने के लिए सुरक्षा संधि पर हस्ताक्षर किये***

भारत और स्वीडन ने एक सुरक्षा समझौता संपन्न किया है जो दोनों देशों को एक दूसरे के साथ वर्गीकृत जानकारी साझा करने में सक्षम करेगा। स्कैंडिनेवियाई देश "मेक इन इंडिया" पहल के तहत अरबों डॉलर की परियोजनाओं पर नजर रखे हुए है।

6. ***भारत और अर्जेंटीना के बीच समझौता***

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में **चिकित्सा उत्पाद विनियमन** के क्षेत्र में भारत और अर्जेंटीना के बीच सहयोग पर समझौता ज्ञापन को मंजूरी दे दी है। यह अर्जेंटीना में चिकित्सा उत्पादों के भारत के निर्यात को बढ़ाने में मदद करेगा |

अन्य समाचार:

1. ***बंगलादेश ने द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने के लिए भारत के साथ 4 समझौते किये***

भारत और बांग्लादेश ने 4 समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं, इन समझौतों में आगे आने वाले वर्षों में 1800 नौकरशाहों को प्रशिक्षण देने के साथ केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो और बांग्लादेश की ACC संस्था के बीच विशेषज्ञता साझा करने तथा भ्रष्टाचार से मुक्ति पाने के लिए एक तंत्र स्थापित करने का अनुबंध हुआ है,

भारत-नॉर्वे समुद्री प्रदूषण मुक्ति पहल के लिए आशय पत्र हस्ताक्षरित

भारतीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और नार्वेजियन विदेश मंत्रालय ने संयुक्त समुद्री प्रदूषण मुक्ति पर्यावरण पहल के लिए तथा समुद्री अर्थव्यवस्था पर सरकार के कार्यकारी बल का गठन करने के लिए एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों तथा निजी क्षेत्र के साथ सरकारी अधिकारी सतत पोषणीय समाधानों को खोजने का प्रयास करेंगे|

2. ***भारत, सऊदी अरब संबंधों को बढ़ावा देने के लिए उच्च सहयोग परिषद स्थापित करेंगे***

भारत और सऊदी अरब राष्ट्रों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को प्रोत्साहन देने के लिए एक उच्च सहयोग परिषद की स्थापना करेंगे। यह दोनों राष्ट्रों को किसी भी समस्या पर चर्चा करने और व्यापार, राजनीति और रक्षा सहित विभिन्न पहलुओं पर प्रत्यक्ष संपर्क को सक्षम बनाएगा।

3. ***भारत-ईरान आतंकवाद से निपटने में सहयोग करेंगे***

विदेश मंत्री सुषमा स्वराज और ईरान के उप-विदेश मंत्री सैयद अब्बास अर्घची ने पिछले कुछ दिनों में हुए जघन्य आतंकवादी हमलों के मद्देनजर इस क्षेत्र में आतंकवाद से निपटने के लिए घनिष्ठ सहयोग पर सहमति व्यक्त की।

4. ***भारत, श्रीलंका के बीच जाफना में आईसीटी इंयूबेटर के लिए व्यापार केंद्र स्थापित करने हेतु समझौता***

भारत और श्रीलंका ने भारत से 25 करोड़ श्रीलंकाई रुपये के अनुदान के माध्यम से जाफना में आईसीटी इंयूबेटर के लिए एक केंद्र स्थापित करने के हेतु समझौता किया।

केंद्र अल्पसंख्यक तमिलों के निवास वाले उत्तरी क्षेत्र में आईसीटी और सेवाओं को सक्षम करने के लिए अवसर प्रदान करेगा|

त्वरित तथ्य पुनरावलोकन

देश	पूंजी	राज्य के प्रमुख/	मुद्रा
नॉर्वे	ओस्लो	एर्ना सोलबर्ग	नॉर्वे क्रोन
पोलैंड	वॉरसॉ	एन्द्रेज़ डूडा	पोलिश ज़्लॉटी
ईरान	तेहरान	हसन रौहानी	रियाल
जर्मनी	बर्लिन	फ्रैंक वाल्टर स्टींमियर	यूरो
श्रीलंका	कोलंबो	मैथ्रिपाला सिरीसेना	श्रीलंकाई रुपया
सऊदी अरब	रियाद	मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलाज़िज़ अल सऊद	सउदी रियाल
फ़िनलैंड	हेलसिंकी	जुहा सिपीला	यूरो
बांग्लादेश	ढाका	अब्दुल हमीद	बांग्लादेशी टका
स्वीडन	स्टॉकहोम	स्टीफ़न लोवफेन	स्वीडिश क्रोना
अर्जेंटीना	ब्यूनस आयर्स	मौरिसियो मेक्री	अर्जेंटीना पीसो

नियुक्तियां और इस्तीफे

महत्वपूर्ण समाचार:

1. ***ऋषि कुमार शुक्ला नए सीबीआई प्रमुख नियुक्त***

   ऋषि कुमार शुक्ला को केंद्रीय जांच ब्यूरो का नया प्रमुख नियुक्त किया गया । वह दो साल की अवधि के लिए सीबीआई के प्रमुख होंगे। वे वर्तमान में मध्य प्रदेश पुलिस आवास निगम के अध्यक्ष हैं।

2. ***प्रदीप सिंह खरोला नागर विमानन मंत्रालय में नए सचिव नियुक्त***

   एयर इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला को नागर विमानन मंत्रालय के नए सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। वह 1985 बैच के आईएएस अधिकारी हैं जिन्हें नवंबर 2017 में एयर इंडिया का प्रमुख नियुक्त किया गया|

3. ***अनिरबान मुखर्जी हैं पे यू इंडिया के सीईओ***

   पे यू इंडिया ने रिलायंस पेमेंट्स के सह-मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिरबान मुखर्जी को आपने नए CEO के तौर पर नियुक्त किया है। इसने अपनी लोन बुक को लगभग $ 2 बिलियन तक दोगुना करने की योजना बनाई है। जितेंद्र गुप्ता, जो pay ∪ पे यू के एमडी हैं वह कंपनी के मुख्य क्रेडिट उत्पाद लेज़पे के प्रमुख होंगे।

4. ***प्रमोद चंद्र मोदी को अगले सीबीडीटी के अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया***

   वरिष्ठ नौकरशाह प्रमोद चंद्र मोदी को आयकर विभाग के लिए एक शीर्ष नीति-निर्माण निकाय, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष के तौर पर नियुक्त किया गया है। वह सीबीडीटी में सदस्य (प्रशासन) के रूप में काम कर रहे हैं।

5. ***सुशील चंद्रा नए चुनाव आयुक्त नियुक्त***

   केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के अध्यक्ष सुशील चंद्रा को लोकसभा चुनाव से पहले नया चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है, जिससे चुनाव पैनल को तीन सदस्यीय इकाई युक्त बनाया जा सके। अन्य दो सदस्यों में मुख्य चुनाव आयुक्त सीईसी सुनील अरोड़ा और चुनाव आयुक्त (ईसी) अशोक लवासा हैं।

6. ***संदीप मोहन भटनागर, अशोक कुमार पाण्डेय cbic सदस्य नियुक्त***

संदीप मोहन भटनागर और अशोक कुमार पांडे को केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड में सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। पांडे 1983 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड) अधिकारी हैं, जबकि भटनागर एक 1984 बैच के आईआरएस अधिकारी हैं।

7. ***अनलजीत सिंह मैक्स लाइफ, मैक्स इंडिया के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभालेंगे***

संस्थापक और अध्यक्ष एमेरिटस अनलजीत सिंह मैक्स इंडिया और मैक्स लाइफ के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभालेंगे। वे समूह अध्यक्ष राहुल खोंसला से दोनों कंपनियों की अध्यक्षता में पदभार ग्रहण करेंगे।

8. ***अश्विनी लोहनी एयर इंडिया के अध्यक्ष और एमडी के रूप में नियुक्त***

अश्विनी लोहनी एक दूसरे कार्यकाल के लिए अपने अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में राष्ट्रीय वाहक, एयर इंडिया के प्रमुख हैं। उन्होंने पहली बार 2015-17 में एयर इंडिया का नेतृत्व किया और रेलवे मंत्रालय में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया|

9. ***सुरेश वासवानी वोडाफोन इंडिया के स्वतंत्र निदेशक नियुक्त***

वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने अब भारत की सबसे बड़ी टेलीकॉम ऑपरेटर सुरेश वासवानी को 3 साल की अवधि के लिए स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। वह आईआईटी खड़गपुर और आईआईएम-अहमदाबाद के पूर्व छात्र हैं ।

10. ***सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीके जैन को BCCI के लिए लोकपाल नियुक्त करने का निर्देश***

सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस **डीके जैन** को पहले बीसीसीआई लोकपाल के तौर पर नियुक्त किया गया है। लोकपाल की भूमिका राज्य क्रिकेट संघों और वित्तीय मुद्दों के अंतर्गत खिलाड़ियों से संबंधित विवादों को सुलझाने में होगी।

11. ***इंद्रा नूई अमेज़न निदेशक मंडल में शामिल***

पेप्सीको के भारत में जन्मे पूर्व सीईओ इंद्र नूई अमेज़न के निदेशक मंडल में शामिल हो गई हैं। वे अक्टूबर 2006 से अक्टूबर 2018 तक पेप्सीको की सीईओ थीं, जहां उन्होंने मई 2007 से फरवरी 2019 तक इसके निदेशक बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में सेवा दी।

12. ***आईडीबीआई बैंक ने हेमंत भार्गव को गैर-कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया***

आईडीबीआई बैंक ने हेमंत भार्गव को गैर-कार्यकारी, गैर पूर्णकालिक अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया । वह वर्तमान में लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) के सीएमडी हैं । लाइफ इन्शुरन्स कंपनी अब 51% हिस्सेदारी के साथ आईडीबीआई बैंक में बहुमत से शेयरधारक है ।

अन्य समाचार:

1. ***यस बैंक के वरिष्ठ समूह अध्यक्ष प्रलय मण्डल का इस्तीफा***

यस बैंक के सीनियर ग्रुप प्रेसिडेंट और रिटेल और बिजनेस बैंकिंग के प्रमुख प्रलय मण्डल ने इस्तीफा दे दिया। वे 31 मार्च 2019 तक सेवा करेंगे। वे 2012 में यस बैंक में शामिल हुए थे और सितंबर 2018 में कार्यकारी निदेशकों के पद पर पदोन्नत हुए थे।

2. ***रिकी पोंटिंग ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच नियुक्त***

रिकी पोंटिंग को इंग्लैंड में होने वाले आईसीसी विश्व कप 2019 के लिए सहायक कोच नियुक्त किया गया है। वह पहले 2018 और 2017 में ऑस्ट्रेलिया के टी20 क्रिकेट टीम के साथ एक सहायक कोच के रूप में कार्य कर चुके हैं|

3. ***BFI अध्यक्ष अजय सिंह AIBA के अभिजात वर्ग फाउंडेशन के प्रमुख के रूप में निर्वाचित हुए***

   भारत के मुक्केबाजी प्रमुख अजय सिंह को विश्व शासी निकाय, aiba के मुक्केबाजी के लिए फाउंडेशन बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है । उनका कार्यकाल चार साल का होगा।

4. ***जीसी अनुपमा एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी की पहली महिला अध्यक्ष बनी***

   जीसी अनुपमा भारत की एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी की पहली महिला अध्यक्ष बन गई हैं। कर्नाटक सरकार के सर सी. वी. रमन युवा वैज्ञानिक पुरस्कार के प्राप्तकर्ता, अनुपमा वर्तमान में बैंगलोर स्थित भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (आईआइए) में डीन और वरिष्ठ प्रोफेसर के रूप में काम करती हैं।

5. ***बृज भूषण शरण तीसरी बार के लिए भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित***

   भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष के रूप में बृज भूषण शरण सिंह तीसरी बार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। बृज भूषण के साथ-साथ आईडी नानावटी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वीएन प्रसूद महासचिव के रूप में और सत्यपाल सिंह देशवाल कोषाध्यक्ष के रूप में चुने गए हैं।

6. ***एनबीटी ने गोविंद प्रसाद शर्मा को अध्यक्ष नियुक्त किया***

   नेशनल बुक ट्रस्ट ने शिक्षाविद् और लेखक गोविंद प्रसाद शर्मा को अपने नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है। एनबीटी उच्च शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन है ।

त्वरित पुनरावलोकन

नियुक्ति/इस्तीफे	**पद**
ऋषि कुमार शुक्ल	प्रमुख, सीबीआई
प्रदीप सिंह खरोला	सचिव, विमानन मंत्रालय
अनिर्बान मुखर्जी	सीईओ, पेयू भारत
प्रमोद चंद्र मोदी	चेयरमैन, सीबीडीटी
सुशील चंद्रा	चुनाव आयुक्त
अशोक कुमार पाण्डेय	सीबीआइसी सदस्य
संदीप मोहन भटनागर	सीबीआइसी सदस्य
अनलजीत सिंह	अध्यक्ष मैक्स लाइफ, मैक्स इंडिया
अश्विनी लोहनी	सीएमडी, एयर इंडिया
सुरेश वासवानी	स्वतंत्र निदेशक, वोडाफोन इंडिया
न्यायमूर्ति डीके जैन	BCCI लोकपाल
प्रलय मण्डल (इस्तीफा)	वरिष्ठ समूह अध्यक्ष, यस बैंक
रिकी पोंटिंग	ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच
अजय सिंह	AIBA के अभिजात वर्ग फाउंडेशन के अध्यक्ष
जीसी अनुपम्	अध्यक्ष, भारतीय खगोलीय संघ
गोविंद प्रसाद शर्मा	अध्यक्ष, नेशनल बुक ट्रस्ट
बृज भूषण शरण सिंह	अध्यक्ष, राष्ट्रीय कुश्ती संघ
हेमंत भार्गव	गैर-कार्यकारी अध्यक्ष, आईडीबीआई बैंक
इंद्रा नूई	निदेशक बोर्ड, अमेज़ॅन

रैंक और रिपोर्ट

महत्वपूर्ण समाचार:

1. ***ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के अनुसार राज्य द्वारा बजट का प्रयोग किये जाने में असम शीर्ष पर***

   ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा सर्वेक्षण के अनुसार, बजट तैयार करने में सर्वोत्तम प्रथाओं की रैंकिंग में **असम** सबसे ऊपर है, इसके बाद आंध्र प्रदेश और ओडिशा हैं। ऐसे राज्य जिनके स्थान निम्न रहा उनमें मेघालय, मणिपुर और पंजाब की रैंकिंग है ।

2. ***हिमालय के दो-तिहाई हिमखंड 2100 तक पिघल जायेंगे: रिपोर्ट***

   हाल ही में हिंदू कुश हिमालय के एक अध्ययन में चेतावनी आई है कि यदि वैश्विक जलवायु सुधार के प्रयासों में विफलता मिली, तो मौजूदा उत्सर्जन वार्मिंग में 5 डिग्री के बढ़ोतरी के लिए जिम्मेदार होगी जिससे हिमालयी क्षेत्रों के 2/3 हिमखंड पिघल जायेंगे।

3. ***वैश्विक IP सूचकांक में भारत ने 8 स्थानों का सुधार किया***

   भारत यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स के ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर के सातवें वार्षिक अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक 2019 में अपने रैंक में बेहतरीन सुधार करते हुए 44 वें स्थान से 36 वें स्थान पर आया। इस सूचकांक में शीर्ष स्थान पर अमरीका उसके बाद क्रमशः यूके, स्वीडन और जर्मनी रहे।

4. ***फेसबुक इंफॉर्मेशन इंटरनेट इंडेक्स 2019 में भारत की 100 देशों में से 47 वीं रैंक***

